महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक : एफ.20 (6) दीक्षान्त/मदसविवि/16/ 61122 - 251.   दिनांक : 8.7.16.

____

____

____

विषय : सातवां दीक्षान्त समारोह 2016

महोदय/महोदया,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि विश्वविद्यालय द्वारा सातवां दीक्षान्त समारोह सोमवार, **दिनांक 01 अगस्त, 2016** को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है । इस दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, विभिन्न संकायों के संकाय अध्यक्षों, शिक्षकगण, अधिकारीगण तथा पीएच.डी. उपाधि धारकों व विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को दीक्षान्त समारोह के समय उपस्थित होने के लिये अधिसूचना क्रमांक एफ.20 ( )/VII दीक्षान्त/मदसविवि/2016/60562 दिनांक 5.7.2016 जारी की जा चुकी है । आपसे अनुरोध है कि दीक्षान्त समारोह में परिनियमों के अनुसार निर्धारित निम्न पोशाक (जो स्वयं की होगी) पहनकर एवं बैज (जो विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा) लगाकर समारोह में सम्मिलित होने का कष्ट करें ।

पोशाक

1. छात्रों के लिये	सफेद कमीज/सफेद पेन्ट/ सफेद कुर्ता–पायजामा/सफेद कुर्ता–धोती तथा कालू जूते
2. छात्राओं के लिये	लाल किनारी की सफेद साड़ी और सफेद ब्लाउज/ सफेद पायजामा–कुर्ता/सफेद सलवार/सफेद चुन्नी एवं काले जूते/स्लिपर

आप स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं की मूल अंकतालिकायें सत्यापन हेतु अनिवार्यतः साथ लावें ताकि पदक प्राप्त करने की पात्रता सुनिश्चत हो सके । मूल पत्रादि के सत्यापन के पश्चात् ही आपको उपाधि तथा पदक दिया जायेगा ।

प्रमाण पत्र व बैज **रविवार 31 जुलाई, 2016 को अथवा सोमवार दिनांक 01 अगस्त, 2016 को अपरॉन्ह 1.00 बजे** तक ही मिल सकेंगे। अतः आपसे आग्रह है कि नियत समय से पूर्व ही पधारकर अपना सर्टिफिकेट व बैज प्राप्त कर लें । **दिनांक 31 जुलाई, 2016 को अपरॉन्ह 3.00** बजे पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) किया जावेगा । अतः आप **दिनांक 31 जुलाई, 2016** को आवश्यक रूप से पधारने का कष्ट करें ।

पंडाल में सोमवार दिनांक 01 अगस्त, 2016 को आधे घण्टे पूर्व अपना स्थान निर्धारित जगह पर आवश्यक रूप से ग्रहण कर लें । आने–जाने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता एवं अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा ।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिये **डॉ0 दिग्विजय सिंह चौहान, उपकुलसचिव (दीक्षान्त), महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर** से सम्पर्क स्थापित करें । कृपया दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने की स्वीकृति संलग्न सहमति पत्र निम्नलिखित पते पर भिजवायें:–

डॉ0 दिग्विजय सिंह चौहान
उपकुलसचिव (दीक्षान्त),
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,
अजमेर–305009
फोन नम्बर कार्यालय 0145–2787098
मोबाइल नं. 9414556177
ईमेल–drconvocationmdsuajmer@gmail.com

भवदीय,

कुलसचिव

संलग्न : सहमति पत्र

सातवां दीक्षान्त समारोह 01 अगस्त, 2016

मिले : डा0 दिग्विजय सिंह चौहान

उपकुलसचिव (दीक्षान्त)

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,

अजमेर (राज0)

पिन–305009

फैक्स–0145–2787098

मो. 9414556177

प्रेषक:

....

....

....